NavBharat Times-New Delhi-08-03-2011

डीटीयू में भी अप्लाई करें ऑनलाइन

इसी सेशन से हो जाएगा लागू

सब कुछ घर बैठे

- फॉर्म जमा करने के लिए अब यूनिवर्सिटी आने की जरूरत नहीं
- बी. टेक में मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटिंग का नया कोर्स भी इसी सेशन से
- बी. टेक में -सीटों की संख्या बढ़कर 1200 से ज्यादा हो जाएगी

प्रमुख संवाददाता || नई दिल्ली

दिल्ली टेक्नॉलजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में इस बार स्टूडेंट्स को ऑनलाइन अप्लाई करने का ऑप्शन मिलेगा और इससे उन्हें काफी राहत मिलेगी। अभी तक स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से फॉर्म व प्रोस्पेक्टस डाउनलोड तो कर सकते थे, लेकिन उन्हें फॉर्म जमा करवाने यूनिवर्सिटी आना ही पड़ता था या पोस्ट से फॉर्म भेजना पड़ता था। वाइस चांसलर प्रो. पी. बी. शर्मा ने बताया कि अब स्टूडेंट्स फॉर्म ऑनलाइन भी जमा करवा पाएंगे। साथ ही यूनिवर्सिटी आकर फॉर्म जमा करवाने का विकल्प भी मौजूद रहेगा। सेशन 2011-12 में बीटेक लेवल पर मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटिंग का नया कोर्स शुरू हो रहा है। यूनिवर्सिटी में बी. टेक कोर्सेज की संख्या 15 हो जाएगी।

प्रो. शर्मा ने बताया कि पिछले साल बी. टेक में सीटों की संख्या 1,128 थी, जो इस साल बढ़कर 1,200 तक पहुंच जाएगी। मैथ्स एंड कंप्यूटिंग में 60 सीटें होंगी। यूनिवर्सिटी ने कुछ महीने पहले यह भी फैसला लिया था कि बी. टेक के हर कोर्स में सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए एक सीट रिजर्व होगी। नये कोर्स के बारे में वीसी ने कहा कि मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटिंग का यह कोर्स अलग तरह का होगा। कंप्यूटर साइंस में बी. टेक तो ज्यादातर स्टूडेंट्स करते ही हैं, लेकिन इस नए कोर्स में स्टूडेंट्स को मैथ्स की भी पूरी पढ़ाई करनी होगी। वीसी का कहना है कि मैथ्स में स्टूडेंट्स के लिए काफी स्कोप है और यह कोर्स विज्ञान और तकनीक पर आधारित होगा। मैथ्स एंड कंप्यूटिंग के कोर्स में इन्फर्मेशन साइंस की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग फिजिक्स का कोर्स भी शुरू किया था, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, न्यूक्लियर साइंस जैसे सब्जेक्ट को इंजीनियरिंग के साथ पढ़ाया जाता है।

यूनिवर्सिटी एडमिशन शेड्यूल तैयार कर रही है, लेकिन डीटीयू में वही स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं, जो सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाले ऑल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन (एआईईईई) में भाग लेंगे। 1 मई को यह टेस्ट होगा। एआईईईई रैंक के आधार पर डीटीयू में मेरिट लिस्ट तैयार होगी और फिर काउंसलिंग शुरू होगी। यूनिवर्सिटी बनने के बाद पिछले साल से यह तय किया गया कि एआईईईई के जरिए ही सीटें भरी जाएंगी। बी. टेक के जिन कोर्सेज में एडमिशन होता है, उनमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मकैनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रॉडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग, पॉलिमर साइंस एंड केमिकल टेक्नॉलजी, इन्फर्मेशन टेक्नॉलजी, बायो-टेक्नॉलजी, सॉफ्टवेयर टेक्नॉलजी, इंजीनियरिंग फिजिक्स, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।